आज का मौसम
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

41.8° अधिकतम तापमान | 25.6 न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 21 | सूर्यास्त 06 : 49

# पेपर बदलने पर परीक्षार्थियों का हंगामा, तोड़फोड़-पथराव

## कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट एग्जाम देने सेंटर पहुंचे थे परीक्षार्थी



एक केंद्र से परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

संवाददाता, कानपुर/बिठूर

**अमृत विचार।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेज्युएट एग्जाम (सीयूईटी यूजी 2024) के दौरान बुधवार को एक सेंटर पर परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र में पथराव और तोड़फोड़ भी की। परीक्षार्थियों का आरोप था कि उन लोगों को गलत प्रश्न प्रश्नपत्र दिया गया। भारी पुलिस बल परीक्षा केंद्र पहुंच गया। लगभग तीन घंटे चले हंगामे के बाद छात्रों को समझा-बुझाकर शांत कराया जा सका। केंद्र का पेपर कैंसिल कर दिया गया है। यहां के परीक्षार्थियों का पेपर दोबारा होगा।

एनटीए की ओर से गुरुवार को मंधना स्थित महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा के दौरान ही परीक्षार्थियों ने हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों का आरोप था कि परीक्षा केंद्र में उन लोगों को गलत



छात्रों के बवाल के बाद भारी फोर्स पहुंची। अमृत विचार

- आरोप, परीक्षकों ने परीक्षार्थियों को दे दिया गलत प्रश्न पत्र
- केंद्र का पेपर कैंसिल कर दिया गया, दोबारा कराया जाएगा

प्रश्न पत्र वितरित कर दिया गया है। हिंदी माध्यम के परीक्षार्थियों को अंग्रेजी व अंग्रेजी माध्यम के परीक्षार्थियों को हिंदी माध्यम का पेपर दिया गया। परीक्षा केंद्र की लापरवाही की वजह से परीक्षार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। परीक्षार्थियों ने पेपर आउट होने का भी आरोप लगा दिया। उन्होंने केंद्र के भीतर ही पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी। इससे खिड़कियों व दरवाजों पर लगे कांच चकनाचूर हो गए। कुछ परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र में लगे गमलों को तोड़ दिया। मामला बढ़ता देख तीन थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस प्रशासन ने परीक्षार्थियों को समझाबुझा कर मामले को शांत किया। परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों पर मारपीट करने का भी आरोप लगाया। इसके अलावा छात्रों का यह भी कहना था कि केंद्र में कुछ परीक्षार्थियों को अलग से परीक्षा हल करने का भी समय दिया गया। वहीं कुछ परीक्षार्थी को काफी देर तक पेपर नहीं दिया गया था। परीक्षार्थियों के आरोप सुनने के बाद पुलिस प्रशासन ने जांच का आश्वासन दिया।

### 25 सेंटरों में हुई परीक्षा

सीयूईटी' यूजी शहर के 25 परीक्षा केंद्रों में शुरू हो गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित किया जाने वाला यह एग्जाम 24 मई तक चलेगा। एनटीए की ओर से सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज किदवई नगर, जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर दीनदयाल नगर, डीपीएस आजाद नगर व बर्रा, मंटोरा पब्लिक स्कूल बिठूर रोड, महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज मंधना, गुरुनानक पब्लिक स्कूल लाजपत नगर समेत कई केंद्रों पर पांच हजार से ज्यादा परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सुबह 10 बजे से शाम छह बजे के तक अलग अलग स्लॉट में केमिस्ट्री, बायोलाजी, अंग्रेजी, जनरल टेस्ट का पेपर हुआ।

### 200 परीक्षार्थियों की दोबारा होगी परीक्षा

- परीक्षा के सिटी क्वार्डिनेटर बलविंदर सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज परीक्षा केंद्र में 960 परीक्षार्थियों का सेंटर पड़ा था। परीक्षा केंद्र में प्रश्न पत्रों को वितरित करने के दौरान कुछ दिक्कतें सामने आईं है। इसे लेकर लगभग 2 सौ परीक्षार्थियों की परीक्षा छूट जाने की बात सामने आई है। टेस्टिंग एजेंसी को इन लगभग 2 सौ परीक्षार्थियों की दोबारा परीक्षा कराए जाने की संस्तुति की गई है। वहां से निर्देश मिलने के बाद जानकारी दे दी जाएगी।

"महाराणा प्रताप कॉलेज में बुधवार को हिंदी मीडियम और इंग्लिश मीडियम के पेपर आपस में चेंज हो गए। इस पर पेपर को कैंसिल कर दिया गया। इसको लेकर बच्चों में काफी अंसतोष और रोष रहा। लोगों ने आरोप लगाया कि पेपर आउट हो गया है। डॉयरेक्टर और स्टॉफ से बातचीत की गई है। एक मानवीय भूल हुई है। बच्चों को समझाया गया है।

– विजय ढुल, डीसीपी पश्चिम

## एक नजर

### लापरवाही बरतने पर अधिकारी को हटाया

**कानपुर।** नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को परमट मन्दिर का निरीक्षण किया। इस दौरान टेफ्को से परमट मन्दिर गेट जगह-जगह कूड़े के ढेर व गन्दगी पायी गयी। जोनल स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित नही हुए। इस पर कार्रवाई करते हुए नगर आयुक्त ने जोन-4 से स्वास्थ्य अधिकारी श्रीराम चौरासिया को दायित्व मुक्त कर दिया। इसके साथ ही उनको नगर निगम मुख्यालय से सम्बद्ध करने के निर्देश दिये। इसके अलावा सफाई निरीक्षक दिलीप भारती को कारण बताओ नोटिस एवं सफाई नायक राकेश व सफाई कर्मचारी नरेश, जयचन्द्र का एक दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मन्दिर के पास लगे बूम बैरियर को व्यवस्थित किया जाये। इण्टरलॉकिंग पर मिट्टी को धुलाई की जाये। सफाई चाक चौबंद रखी जाए।

### चिमनी से निकली चिंगारी से टेनरी में लगी आग

**कानपुर।** मंगलवार को टेनरी में आग लगने की घटना के बाद बुधवार को भी एक टेनरी में आग लग गई। जाजमऊ थानाक्षेत्र में स्प्रे डिपार्टमेंट में लगी चिंगारी से वहां पर मशीन में आग लग गई। जिससे टेनरी में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

डिफेंस कॉलोनी निवासी युसूफ की शीतला बाजार में अपर इंडिया टेनरी है। कर्मचारियों ने बताया कि बुधवार की शाम को कर्मचारी काम कर रहे थे। तभी आटो स्प्रे डिपार्टमेंट में लगी चिमनी से चिंगारी निकली। जिससे वहां पर मशीन जल उठी। आनन-फानन कर्मचारियों ने पानी डालने का काम शुरू किया। साथ ही दमकल कर्मियों को भी सूचित किया। लेकिन दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही कर्मचारियों ने आधे घंटे की मशक्कत कर आग को बुझा लिया। जाजमऊ फायर स्टेशन के अग्निशमन अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि आग को वहां के कर्मचारियों ने ही बुझा लिया था। किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हुई है।

# अपहरण-हत्या में चार को उम्र कैद

**कानपुर।** फिरौती के लिए युवक का अपहरण कर हत्या में चार अभियुक्तों को अपर सत्र न्यायाधीश 14 ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही चारों अभियुक्तों पर 80-80 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। एक आरोपी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

एडीजीसी शिव भगवान गोस्वामी ने वताया कि 4 जून 2013 पुलिस को जनता नगर गंदानाला में युवक का शव मिला था। पुलिस ने अज्ञात में शव का अंतिम संस्कार करा दिया था। बाद में शिव आसरे सिंह ने थानाध्यक्ष गोविंद नगर को प्रार्थनापत्र दिया था कि उसका पुत्र जितेंद्र सिंह (19) 2 जून 2013 को रात करीब 10 बजे से लापता है। 5 जून को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शिवआसरे सिंह ने कपड़ों के आधार पर शव की शिनाख्त पुत्र जितेंद्र के रूप में की थी। उन्होंने गोविंद नगर पुलिस को बताया कि गुमशुदगी की सूचना के बाद जानकारी हुई कि घर में रखे मोबाइल पर कई एसएमएस आये थे, जिसमें एक में लिखा था कि तुम्हारा लड़का हमारे कब्जे में है। उसकी जान की कीमत बीस लाख रुपये है। इलके बाद गोविंद नगर पुलिस ने अपहरण व हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने मैसेजों के आधार पर अभियुक्तों अनुराग, मनीष उर्फ प्रशांत घई, संदीप कुमार उर्फ संजू पराशर, रानू कुमार व गौरव को गिरफ्तार कर आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। कोर्ट ने अनुराग, मनीष, संदीप कुमार उर्फ संजू पराशर और रानू कुमार को आजीवन कारावास और 80-80 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

- कोर्ट ने चारों पर 80-80 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

### कुशाग्र हत्याकांड में 21 से शुरू होगी गवाही

- कुशाग्र कनोडिया हत्याकांड में 21 मई से गवाही शुरू होगी। एडीजे सात की कोर्ट ने बुधवार से गवाही की तिथि नियत की थी, लेकिन सुनवाई के दौरान कोर्ट से 21 मई की तिथि गवाही के लिए नियत की है। कुशाग्र की हत्या के आरोपी रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला और शिवा गुप्ता पर आरोप तय हो चुके हैं।

### रोनिल हत्याकांड में 28 से होगी गवाही

- चर्चित छात्र रोनिल हत्याकांड में 28 से गवाही शुरू होगी। एडीजे 21 में बुधवार को आरोपी ईशू यादव व साहिल यादव की बाद में आयी चार्जशीट पर आरोप तय हो गये। घटना के मुख्य आरोपी विकास यादव पर पहले ही आरोप तय हो चुके हैं। कोर्ट ने 28 मई की तारीख गवाही के लिए नियत की है।

# बच्चे की मौत पर हैलट में तोड़फोड़ और जमकर हंगामा

आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट के बाल रोग अस्पताल में बुधवार को इलाज के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई तो तीमारदार डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा करने लगे। भीड़ में शामिल कुछ व्यक्तियों ने एनआईसीयू की खिड़की का शीशा तोड़ दिया, जिससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। स्वरूप नगर थाने की पुलिस और हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया।

राजापुरवा निवासी राहुल कुमार ने बताया कि गर्भवती पत्नी रूमी को हैलट के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में भर्ती कराया था, जहां ऑपरेशन से पत्नी ने एक बेटे को जन्म दिया। रविवार को डॉक्टरों ने नवजात को पीलिया होने की जानकारी देते हुए एनआईसीयू में भर्ती किया। आरोप है कि इंजेक्शन लगवाने के लिए डॉक्टर तीन दिन तक टहलाते रहे और प्रतिदिन बच्चे को एनआईसीयू में लेकर आने को बोलते थे। पहुंचने पर डॉक्टर बोलते थे कि अभी फाइल नहीं आई, जब आएगी तब इंजेक्शन लगेगा।



टूटे शीशे अमृत विचार



लापरवाही का आरोप लगाते परिजन। अमृत विचार

- परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप
- एक इंजेक्शन लगाने के लिए तीन दिन तक टहलाते रहे

डॉक्टर फाइल आने की बात बोलकर चार-चार घंटे तक बाहर बैठाए रहते थे। ऐसे करते-करते बुधवार को तीसरे दिन अस्पताल में बच्चे की मौत हो गई। गुस्साए तीमारदारों ने अस्पताल में हंगामा करना शुरू कर दिया। किसी ने एनआईसीयू का शीशा तोड़ दिया। स्वरूप नगर थाने की पुलिस और हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह मौके पर पहुंचे। प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि कोई लिखित शिकायत देता है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सही से स्तनपान नहीं कराने से मौत हुई

- बाल रोग अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि बच्चे का इलाज अच्छी देखरेख में किया गया था, वह सही भी हो गया था। बच्चे को स्तनपान कराने के लिए उसकी मां के पास भेजा गया था। सही से स्तनपान नहीं कराने की वजह से बच्चे की हालत बिगड़ गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों से अभद्रता करने साथ ही अस्पताल में तोड़फोड़ की। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि अस्पताल में तोड़फोड़ और हंगामा करने वालों के खिलाफ मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट तहत, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और डॉक्टरों से अभद्रता करने पर पुलिस को तहरीर दी जाएगी। मामले की जांच भी कराई जाएगी। वहीं पुलिस ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

## टेनरी के क्रोमियम युक्त पानी से गंगा की तलहटी का हाल



कानपुर में गंगा नदी के किनारे स्थित टेनरियों से निकलने वाले क्रोमियम युक्त दूषित पानी ने जाजमऊ में बुढ़िया घाट में गंगा कटरी की खेती वाली जमीन को बंजर कर दिया। जाजमऊ पुल के निकट गंगा नदी का पानी दूर-दूर तक नहीं दिख रहा। यहां दिख रहा है तो क्रोमियम युक्त दूषित पानी की जमी पर्त जिसने कटरी की जमीन को बंजर बना दिया। जिसके कारण मौसमी फल खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूज की खेती यहां नहीं हो पा रही है। शासन और प्रशासन ने टेनारियों से निकलने वाले क्रोमियम युक्त दूषित पानी पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दे रखा है और गंगा नदी की अविरलता- निर्मलता के लिए नमामि गंगे परियोजना में अरबों रुपये खर्च किए हैं। इसके बावजूद कानपुर में गंगा नदी में क्रोमियम युक्त पानी चोरी- छिपे उड़ेला जा रहा है। फोटो – मनोज तिवारी

# पिता और चचेरे भाई ने दुष्कर्म किया, वीडियो बना धमकाया

सरसौल संवाददाता

**अमृत विचार।** कानपुर के महाराजपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। शराब के नशे में पहले पिता ने अपनी बेटी को हवस का शिकार बनाया। जिसका चचेरे भाई ने चुपके से वीडियो बना लिया। बाद में चचेरे भाई ने वीडियो वायरल कर देने की धमकी देकर उससे दुष्कर्म किया। दोनों एक माह से पीड़िता का शारीरिक शोषण कर रहे थे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जब बर्दाश्त से बाहर हो गया तब दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पीड़िता का मेडिकल कराया।

- एक माह से दोनों युवती का कर रहे थे शारीरिक शोषण
- महाराजपुर थानाक्षेत्र का मामला पुलिस ने किया गिरफ्तार



महाराजपुर के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती चार बहनों व एक भाई में दूसरे नंबर की है। मां की छह साल पहले मौत हो चुकी है। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। युवती का आरोप है कि पिछले एक माह से पिता व चचेरा भाई धमकाकर आए दिन दुष्कर्म कर रहे थे। 11 मई को देर शाम घर पर वो अकेली थी। तभी 52 वर्षीय पिता शराब के नशे में घर आया और दुष्कर्म किया। रात होने पर 35 वर्षीय चचेरा भाई घर आया और उसने कहा कि पिता के साथ हुई घटना का उसने वीडियो बना लिया है। यदि शारीरिक संबंध न बनाए तो वीडियो वायरल कर दूंगा। आरोपी ने धमकाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। मंगलवार को पीड़िता ने आप बीती पुलिस को बताई तो मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में महाराजपुर इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

# फतेहपुर में पीएम के कार्यक्रम पर डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिला फतेहपुर के थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारीपुर कला में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसके कारण कानपुर से फतेहपुर जाने वाले भारी और हल्के वाहनों का जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इनका मार्ग परिवर्तन निम्न प्रकार से रहेगा। यातायात पुलिस के अनुसार डायवर्जन की यह व्यवस्था 16 मई को रात 11.30 से सभी प्रकार के भारी वाहनों व 17 मई को प्रातः 8 बजे से छह बजे तक समस्त प्रकार के छोटे वाहनों पर प्रभावी रहेगा।

हमीरपुर से अन्नपुर, जहानाबाद, फतेहपुर से होते हुए प्रयागराज को जाने वाले वाहन अन्नूपुर से आगे नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन घाटमपुर, रमईपुर, नौबस्ता, रामादेवी, जाजमऊ से बदरका मोड़, अचलगंज बीघापुर, लालगंज ऊंचाहार, कुंडा लालगंज, गोपालगंज, नबावगंज, प्रयागराज होकर जाएंगे।

- कानपुर से फतेहपुर जाने वाले भारी और हल्के वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे

हमीरपुर, सिकन्दरा (कानपुर देहात) से घाटमपुर चौड़गरा से फतेहपुर होते हुए प्रयागराज को जाने वाले वाहन घाटमपुर से आगे नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन घाटमपुर, रमईपुर, नौबस्ता, रामादेवी, जाजमऊ से बदरका मोड़, अचलगंज, बीघापुर, लालगंज ऊंचाहार, कुंडा लालगंज, गोपालगंज, नबावगंज, प्रयागराज होकर जाएंगे।

जनसमस्या — पानी निकला खारा, भूजल की रिपोर्ट हुई फेल, पाइप लाइन बिछाने के लिए मांगी अनुमति

# गंगा किनारे बिठूर का भूजल पीने लायक नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा किनारे बसे बिठूर का भूजल पीने लायक नहीं है। जलकल की जांच में यहां भूमिगत जल खारा मिला है। जिसको पीने से लोगों को गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। इसके चलते जलकल ने अमृत 2.0 कार्यक्रम के तहत बिठूर में पाइप लाइन विस्तार योजना के तहत मुख्य फीडरमेन से जलापूर्ति करने के लिये नई पाइप लाइन को जोड़ने की जलनिगम से अनुमति मांगी है। जिससे पाइप लाइन बिछाकर घर-घर आपूर्ति की जा सके।

अमृत 2.0 कार्यक्रम के तहत नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पानी पहुंचाया जाना है। बिठूर नगर पंचायत में भी पाइप लाइनों के सहारे जलापूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में यहां जलापूर्ति भूजल (ट्यूबवेल) से की जा रही है। लेकिन बिठूर में टेस्टिंग के दौरान खारा पानी पाया गया है जो स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। वहीं, जलकल जीएम एके त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष-2025 तक बिठूर में 2.50 एमएलडी पानी की खपत का अनुमान है। वहीं, वर्ष-2055 तक यहां 5.07 एमएलडी पानी की आवश्यकता होगी। बिठूर नगर पंचायत को सतही पेयजल उपलब्ध कराने के लिये गंगा बैराज स्थित राम मनोहर लोहिया 200 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से निकलने वाली मुख्य फीडरमेन से बिठूर नगर पंचायत क्षेत्र को बिछाये जाने वाली ब्रांच फीडरमेन का इण्टरकनेक्शन किया जाना है। इस इण्टरकनेक्शन की अनुमति प्रदान करने या अनापत्ति प्रमाण-पत्र जरूरी है।



जूही में गंदे पानी की हो रही सप्लाई।

### जूही में दूषित पानी पर हंगामा

- जुही बम्बुरहिया व गढ़ा में दूषित जलापूर्ति से लोग परेशान हैं। जिसको लेकर पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने बुधवार को सांकेतिक मौन विरोध प्रदर्शन किया। शालू सुनील कनौजिया ने कहा कि मैट्रो ने पहले पानी की लाइन डाली इसके बाद सीवर लाइन डालने का कार्य किया। जेसीबी की खुदाई के चलते पानी की बड़ी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिसकी वजह से क्षेत्र में लगातार आठ माह से दूषित जलापूर्ति हो रही है। कई शिकायतों के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। दूषित पानी पीने से लोग बीमार हो रहे हैं।

### गंगा बैराज से पानी पहुंचाना उचित नहीं

- जलकल जीएम ने कहा कि अधिशासी अभियंता जोन-6. जलकल कि रिपोर्ट के आधार पर गंगा बैराज स्थित राम मनोहर लोहिया 200 एमएलडी जल शोधन संयंत्र कानपुर नगर की पेयजल व्यवस्था हेतु स्थापित किया गया है। बिठूर नगर पंचायत कानपुर नगर क्षेत्र की सीमा से बाहर लगभग 12 किमी दूर स्थित है। इसलिये गंगा बैराज जल शोधन संयंत्र से बिठूर क्षेत्र में जलापूर्ति किया जाना उचित नहीं है।

# सीएसजेएमयू कराएगा छह भाषाओं में पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में नए सत्र से छह भाषाएं कोर्स में शामिल की जा रही हैं। इन भाषाओं में हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत, जर्मन, रशियन और फ्रेंच भाषा शामिल हैं। छह भाषाओं को कोर्स में शामिल करने वाला सीएसजेएमयू शहर का पहला विश्वविद्यालय होगा।

इन प्रोग्राम्स में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय ने डब्ल्यूआरएन जेनरेट कराने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। इन सभी कोर्स को कैंपस के स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज में चलाया जाएगा। हिंदी, इंग्लिश और संस्कृत में यूजी और पीजी कोर्सों को चलाया जाएगा। बीए में चलने वाले तीनों कोर्स बीए (आनर्स) होंगे। इसके अलावा इन्हीं तीनों भाषा में पीजी कोर्स भी चलाए जाएंगे। बीए (आनर्स) इंग्लिश में 90, हिंदी और संस्कृत में 30-30 सीटें हैं। पीजी की बात की जाए तो एमए इंग्लिश में 60, हिंदी और संस्कृत में 30-30 सीटों पर छात्र प्रवेश ले सकेंगे। स्कूल ऑफ लैग्वेजेज की ओर से जर्मन, रशियन और फ्रेंच भाषा में सर्टिफिकेट कोर्सों को चलाया जाएगा। यह कोर्स 12वीं पास छात्र भी कर सकेंगे। इन कोर्स में प्रवेश के लिए 12वीं में कम से कम 50 फीसदी होना जरूरी है। यह एक साल से छह महीने तक के हो सकते है। इन सभी कोर्सों में 30-30 सीटों पर पढ़ाई हो सकेगी।

- ऐसा करने वाला सीएसजेएमयू शहर का पहला संस्थान होगा
- प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय ने तैयारी शुरू कर दी

# बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वॉयड ने स्कूलों का चप्पा-चप्पा छाना

## आठ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी का मामला, दर्ज की गईं दो एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के स्कूलों को ईमेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को सुबह से आठ स्कूलों में पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने चप्पे-चप्पे की जांच की। इस मामले में नजीराबाद और साइबर थाने में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इंटेलिजेंस की भी मदद ली जा रही है। धमकी के बाद स्कूलों में अफरातफरी की स्थिति रही। दहशत के कारण कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजा।

मंगलवार को हनुमंत विहार स्थित गुलमोहर स्कूल, बर्रा आठ स्थित केडीएमए, कैंट स्थित केन्द्रीय विद्यालय और बिलाबॉग इंटरनेशनल हाईस्कूल, कौशलपुरी स्थित सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर, सिंहपुर स्थित द चिंटल्स स्कूल, अर्मापुर स्थित केन्द्रीय विद्यालय और सिविल लाइंस स्थित वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस मामले में नजीराबाद थाने में अज्ञात के खिलाफ धारा सैन्य विद्रोह या सार्वजनिक शांति भंग करने वाले वक्तव्य देना, गुमनाम संचार के साथ आपराधिक धमकी देना और आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कैंट स्थित बिलाबॉग स्कूल को धमकी देने के मामले में साइबर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। जिन स्कूलों में धमकी भरे ई-मेल पहुंचे थे उन सभी में बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड के जरिए जांच कराई गई। तलाशी के दौरान किसी भी स्कूल में कुछ भी नहीं मिला। एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि सभी डीसीपी और एडीसीपी को निर्देशित किया गया है कि वह अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्कूलों के साथ बैठक करें। स्कूलों में सुरक्षा के क्या इंतजाम हैं इसकी समीक्षा की जाए।


केंद्रीय विद्यालय अर्मापुर में जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### स्कूलों में भेजे गए ईमेल में यह लिखा है

हम तुम्हें उन पर फेंक देंगे और तुम्हारा तब तक दम घुटेगा जब तक तुम्हारी आंखों की रोशनी खत्म नहीं हो जाती। हम तुम्हारे शहरों को खंडहरों में बदल देंगे। आप हमें आतंकवादियों के रूप में पहचानते हैं, वास्तव में आप हमारे खिलाफ लड़ रहे हैं। हम हर मीडिया आउटलेट के संपादकीय कार्यालय में सेंध लगाएंगे और आपके झूठे लेनदेन का गला काट देंगे। तुम मौत से डरते हो और उसे दूर करने को सब कुछ दे देते हो। हम बचपन से अनंत काल देख रहे हैं और चाहे शरीर को कुछ हो जाए हम नहीं मरेंगे। भले हम शून्य हो जाएं।


सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर में जांच की गई। अमृत विचार

# गवाही देने जा रहे सगे भाइयों पर हमला किया

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र में चचेरी बहन के हत्यारोपियों के खिलाफ न्यायालय में गवाही देने जा रहे सगे भाइयों को छह से ज्यादा लोगों ने मिलकर लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर मरणासन्न कर दिया। परिजनों ने गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अटवा मिर्जापुर के रहने वाले दूध व्यापारी राजू यादव के चाचा कदम सिंह यादव की 24 वर्षीय बेटी सीमा की 21 फरवरी 2023 की सुबह पड़ोसी युवक रणधीर सिंह यादव ने गड़ासे से गर्दन काटकर हत्या कर दी थी।

पुलिस ने रणधीर, सरनाम, शिवम, रतन सिंह के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर रणधीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बुधवार को राजू यादव छोटे भाई रामरूप के साथ न्यायालय में गवाही देने जा रहे थे। आरोप लगाया कि भारू गांव में बिजली सबस्टेशन के पास घात लगाए बैठे सरनाम, मोहित समेत आठ-नौ लोगों ने लाठी डंडा व धारदार हथियार से दोनों भाइयों पर हमला कर मरणासन्न कर दिया। दोनों को बिधनू सीएचसी पहुंचाया गया। जहां राजू की हालत गंभीर देखते हुए उसे उर्सला हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। इस सबंध में बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि बलवा, मारपीट समेत कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# सरकारी दावा, अब नरम पड़ रहा डेंगू

(राष्ट्रीय डेंगू दिवस)

- अभी तक चार ही डेंगू पॉजिटिव मरीज मिले
- 2023 में मिले थे 1482 पॉजिटिव मरीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बीते सालों में जिले में कहर बरपाने वाला डेंगू अब कम हो गया है। ये विभाग के अधिकारी कह रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में अब तक सिर्फ चार डेंगू संक्रमित मरीज ही मिले हैं। पिछले वर्ष संक्रमितों का आंकड़ा 1482 था। हालांकि निजी क्षेत्र में जांच और इलाज कराने वालों का पुख्ता डाटा नहीं है। लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रीय डेंगू दिवस (16 मई) मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम समुदाय से जुड़ें, डेंगू को नियंत्रित करें रखी गई है।

एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा के मुताबिक डेंगू मरीज की पहचान न होने और समय से इलाज न मिलने पर खतरा बढ़ जाता है। सरकारी अस्पताल में निशुल्क जांच और इलाज की सुविधा है। बचाव के लिए ऐसे मौसम में पूरे बाजू के कपड़े पहनें, मच्छर अगरबत्ती व मच्छरदानी का प्रयोग करें, कहीं भी साफ पानी का ठहराव न होने दें। जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह के मुताबिक जिले में बीते वर्षों की तुलना में वर्ष 2024 में डेंगू के ज्यादा मामले नहीं हैं। सरकारी रिकॉर्ड में जनवरी 2024 से अभी तक डेंगू के सिर्फ चार ही केस रिपोर्ट हुए हैं। यहां एक बात गौर करने वाली है कि बड़ी तादात में लोग प्राइवेट डॉक्टरों से जांच और इलाज करवाते हैं। ऐसे में उनका सटीक आंकड़ा सरकारी दस्तावेजों तक नहीं पहुंच पाता। वहीं उर्सला के सीएमएस डॉ.शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि बुखार, जोड़ों में दर्द, चक्कर आना, उल्टी आदि की समस्या होने पर नजरअंदाज बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। यह डेंगू के भी लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में डॉक्टर से संपर्क करें।


नालियों में मच्छरनाशक दवा का छिड़काव। अमृत विचार

### बोले लोग

**केस 01** एक निजी स्कूल में योग शिक्षक कौस्तुभ सेंगर (38) ने बताया कि वह डेंगू के प्रोटोकॉल का पालने न करने की सजा झेल चुके हैं। पांच सितंबर 2023 को बुखार, सिरदर्द और शरीर दर्द की समस्या हुई। 15 दिन तक मेडिकल स्टोर से दवा ली। सुधार होने के बजाए तबीयत और खराब हो गई। जांच में प्लेटलेट्स 40 हजार मिली और डेंगू की जानकारी हुई। सटीक इलाज कराने के बाद वह स्वस्थ हो सके।

**केस 02** बिनौर गांव की किरण सचान (39) ने बताया कि नौ वर्षीय बेटी मथुरा से सितंबर माह में घर लौटी तो उसे उल्टी और बुखार की समस्या होने लगी। निजी डॉक्टर को दिखने और झांड-फूंक कराने के बाद भी आराम नहीं मिला तो वह बेटी को लेकर उर्सला अस्पताल पहुंची, जहां अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने के बाद बच्ची स्वास्थ्य हो सकी। बुखार में लापरवाही नहीं करनी चाहिए।

### जिले में डेंगू की स्थिति

| वर्ष | केस |
|---|---|
| 2020 | 292 |
| 2021 | 687 |
| 2022 | 896 |
| 2023 | 1482 |
| 2024 | 04 |


झकरकटी में झोपड़ियों पर चला बुलडोजर। अमृत विचार

# सुंदरीकरण के लिए हटाईं झोपड़ियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम ने 22 झुग्गी झोपड़ियों को हटवाया
- हंगामे के बीच बस्तियों पर गरजा बुलडोजर

**अमृत विचार।** झकरकटी तालाब के सुंदरीकरण के लिए बुधवार को बस अड्डे के पास बनी 22 झुग्गी झोपड़ियों पर नगर निगम का बुलडोजर चला। स्थानीय निवासियों ने जमकर हंगामा किया। महिलाओं और पुरुषो के साथ बच्चों ने नारेबाजी की। घरों को गिरता देख महिलाएं और बच्चें रोते हुये कार्रवाई रोकने की गुहार लगाते रहे। मलबा उठाकर नगर निगम के डंपिंग ग्राउंड में पहुंचाया गया।

नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन के निर्देश पर नगर निगम प्रवर्तन दल, अभियंत्रण और जोनल अधिकारियों की टीम ने झकरकटी बस अड्डे के पास अभियान की शुरुआत की। तीन बुलडोजर से कच्ची दीवारों पर टिन डालकर बनाए गए चार घरों और 18 झोपड़ियों को ध्वस्त कर दिया गया। इससे पहले सभी लोगों को मौका दिया गया कि वह अपना सामान बाहर निकालकर कहीं और ले जा सकें। प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नरायण ने बताया कि अभियान की सूचना पहले ही दे गई थी। **4 करोड़ से होना है सुंदरीकरण:** झकरकटी तालाब का चार करोड़ रुपये से सुंदरीकरण होना है। सैलानियों के आकर्षण का बड़ा केंद्र यह तालाब बनेगा। सुबह-शाम लोगों के टहलने का भी नया स्थान मिल जायेगा। नगर निगम ने इसका कायाकल्प शुरू कर दिया है। गांधी जयंती से पहले इसे संवारने का काम पूरा हो जाएगा। निर्माण करने वाली फर्म श्रीराम इंफ्रास्ट्रक्चर ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। झील के चारो तरफ पिचिंग कराई जाएगी। किनारों पर पाथ-वे बनाया जाएगा। मॉडर्न लाइटें लगाई जाएंगी। चारो तरफ फूल-पौधे लगाए जाएंगे। तालाब का कायाकल्प गोरखपुर के रामगढ़ ताल की तर्ज पर किया जाएगा। यहां बोटिंग की भी व्यवस्था होगी।

# इमरजेंसी केस संभालने के लिए सभी डॉक्टरों का प्रशिक्षित होना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 17 से 19 मई तक आईएमए सीजीपी कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन
- कई जिलों से छह सौ से अधिक डॉक्टर कर चुके सीजीपी में पंजीकरण

**अमृत विचार।** नए शोधों को बढ़ावा देने और नई तकनीकों के प्रति डॉक्टरों को जागरूक करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय आईएमए सीजीपी का आयोजन किया जा रहा है। इमरजेंसी केस सामने आने पर मरीज का इलाज कैसे करना है, इसके लिए सभी डॉक्टरों का प्रशिक्षित होना बेहद जरूरी है। आईएमए सीजीपी में डॉक्टरों को इमरजेंसी के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। यह जानकारी आईएमए सीजीपी कानपुर सब फैकल्टी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ.विकास शुक्ला ने दी।

परेड स्थित आईएमए सभागार में बुधवार को आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि 17 मई से 19 मई तक आईएमए सीजीपी (कॉलेज ऑफ जनरल प्रेक्टीशनर्स) कानपुर सब फैकल्टी का 41वां वार्षिक रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन जीएसवीएम मेडिकल कालेज के सभागार में किया जा रहा है। कानपुर आईएमए के इतिहास में इस बार पहली बार रिफ्रेशर कोर्स तीन दिन का होगा, जिसमें देश के प्रतिष्ठित डॉक्टर वक्ता के रूप में भाग लेगें। कानपुर के डॉक्टरों को विभिन्न बीमारियों, उनके निदान व नवीनतम इलाज के संबंध में व्याख्यान देंगें। डॉ. विकास शुक्ला ने बताया कि इस बार रिफ्रेशर कोर्स की थीम सभी आपात स्थिति में मूलभूत बातें सीखना रखी गई है। सचिव डॉ. कुनाल सहाय ने बताया कि रिफ्रेशर कोर्स में अभी तक करीब सात सौ पंजीकरण हो चुके हैं। रिफ्रेशर कोर्स का समापन 19 मई को शाम पांच बजे होगा। डॉ.शालिनी मोहन ने बताया कि कोर्स में 22 वैज्ञानिक सत्र होंगे। मोटिवेशनल स्पीच भी होगी।


जानकारी देते डॉ.विकास शुक्ला, साथ में आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉ.कुनाल सहाल, डॉ.शालिनी मोहन व डॉ.प्रीति शुक्ला।

### दिल्ली, लखनऊ व कानपुर के डॉक्टर करेंगे उद्घाटन

आईएमए सीजीपी कानपुर सब फैकल्टी के 41वें रिफ्रेशर कोर्स 2024 का उद्घाटन 17 मई को शाम चार बजे केजीएमयू में न्यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वीके ओझा, नेशनल डीन आईएमए सीजीपी प्रो. सत्यजीत बोरा, नई दिल्ली के जीबी पंत हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.मोहित गुप्ता, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला व आईएम के पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के पैट्रन प्राचार्य प्रो.संजय काला हैं। दो कार्यशाला और कई विषयों पर चर्चाएं भी होंगी।

## सार-संक्षेप

### दहेज के लिए दिया तीन तलाक

**कानपुर।** जाजमऊ में दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालीजन ने विवाहिता से मारपीट की। इसके बाद पति ने पीड़िता को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत कर तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाबूपुरवा निवासी रूकसाना के तहरीर के अनुसार उनका निकाह फरवरी 2023 में जाजमऊ के वाजिदपुर में रहने वाले आसिफ खान से हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। वह काफी समय तक ससुरालवालों की प्रताड़ना सहती रही। इसके बाद एक अप्रैल को ससुरालीजन ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद वह मायके जाकर रहने लगी। इस बीच 14 अप्रैल को पति ने फोन पर तीन तलाक दे दिया। जिसके बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### खुले नाले में मिला अज्ञात युवक का शव

**कानपुर।** शहर में खुले नालों में शवों के मिलने का सिलसिला धम नहीं रहा है। बुधवार दोपहर अर्रा इलाके के खुले नाले में एक युवक का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। हनुमंत विहार थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान के लिए आसपास के लोगों को फोटो दिखाने के साथ ही सोशल मीडिया का भी सहारा लेने में जुटी है। अर्रा में बुधवार दोपहर करीब 40 वर्षीय एक युवक का शव नाले में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। हनुमंत विहार थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू की। थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि युवक के नाले में गिरने की बात सामने आ रही है। उसकी पहचान नहीं हो पाई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही उसकी मौत की सही वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### आर्थिक तंगी से परेशान अधेड़ ने दी जान

बिधनू थानाक्षेत्र के कठारा गांव निवासी 53 वर्षीय अमरपाल सिंह ने मंगलवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। बेटे शिवम ने पुलिस को बताया वह 19 वर्ष से टीबी की बीमारी से ग्रसित थे। आर्थिक तंगी से परेशान होकर वह घर से निकल गए थे। शाम को उनका उनका शव ग्राम बरखेड़ा में आम के खेत से फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### वृद्ध ने शराब के साथ जहरीला पदार्थ पीया

**कानपुर।** चमनगंज के रहने वाले 75 वर्षीय हरी प्रसाद हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में शराब ठेके के पास मंगलवार को गंभीर हालत में पड़े मिले। पुलिस ने उन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देर शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शराब के साथ जहरीला पदार्थ पीने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**विकास की ओर** ट्रीटेड सीवेज को मिक्सिंग टैंक से जोड़ने की प्रक्रिया को मिली मौखिक अनुमति, समिति ने बुधवार को फाइनल रिपोर्ट की प्रस्तुत

# 20 एमएलडी सीईटीपी जल्द पूरी क्षमता से हो जाएगा शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ टेनरी क्लस्टर के लिये बने 20 एमएलडी क्षमता के कॉमन इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) को शुरू करने को लेकर बुधवार को गठित समिति अपनी-अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

अब जल्द ही ट्रीटेड सीवेज को मिक्सिंग टैंक के जोड़ने के लिये टीईपीएच (ट्रांसफर इंफ्लूएंट पंप हाउस) को 5 दिनों के लिये बंद किया जायेगा। जटेटा के अधिकारियों के साथ गठित समिति के अधिकारी बैठक की और फाइनल मंजूरी दी। अधिकारियों के अनुसार तीन चरणों में पाइप लाइन को सीईटीपी से जोड़ा जाना है। इसका कार्य जल्द शुरू होगा।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने प्लांट को बंद करने और सर्वे के लिये चार सदस्यीय कमेटी गठित की थी। इसमें अपर नगर आयुक्त द्वितीय, मुख्य अभियंता सिविल, जलकल महाप्रबंधक और अधिशाषी अभियंता जोन -2 को नामित किया गया। कमेटी ने निरीक्षण कर अपनी मौखिक रजामंदी पहले ही दे दी थी। बुधवार को इसे लिखित किया गया। रिपोर्ट के बाद पाइप लाइनों के संयोजन का कार्य होगा।

जटेटा के अधिकारियों के अनुसार टेनरी से पाइप लाइन में प्रेशर से अशोधित पानी आता है। यह पानी अभी 36 एमएलडी सीईटीपी में जाता है। 20 एमएलडी सीईटीपी से टेनरी का पानी शोधित करने के लिये जरूरी है कि पाइपलाइन को जोड़ा जाये। यह मुख्य बाधा है। क्योंकि इस लाइन में प्रेशर से पानी जाता है।

इसलिये इसका शटडाउन करना जरूरी है। तभी आगे का कार्य पूरा किया जा सकेगा। लगभग 200 टेनरी से निकलने वाले अशोधित पानी को लेने के लिये पाइप लाइन को सीईटीपी से जोड़ा जाना है। ताकि, 36 एमएलडी सीईटीपी को जाने वाला अशोधित पानी को 20 एमएलडी प्लांट से शोधित किया जा सके।

**454** करोड़ की लागत का सीईटीपी | **200** करोड़ की लागत का आरओ प्लांट | **20** एमएलडी क्षमता है | **3** करोड़ लीटर पानी की बचत


सीईटीपी चालू करने की तैयारियां लगभग पूरी हैं। अमृत विचार

### कॉमन क्रोम रिकवर यूनिट भी स्थापित

केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत स्थापित सीईटीपी जाजमऊ टेनरी एफ्लुयेंट ट्रीटमेंट एसोशिएसन (जटेटा) की देखरेख में बना है। सीईटीपी में 200 केएलडी का पायलट जेडएलडी यूनिट (जीरो लिक्विड डिस्चार्ज) का भी निर्माण किया गया है, जिसमें बिना कोई लिक्विड डिस्चार्ज से पानी को ट्रीट करने के साथ ही पूरी टेक्नोलॉजी की स्टडी की जा सकेगी। इसके साथ ही 900 केएलडी का सीसीआरयू (कॉमन क्रोम रिकवर यूनिट) अलग से स्थापित किया गया है। इससे टेनरियों से निकलने वाले क्रोम को अलग किया जा सकेगा। प्लांट में सीसीआरयू पहले से शुरू हो गया है। पीएम के लोकार्पण के बाद प्लांट की भी टेस्टिंग हो गई है। प्लांट से जुड़ी कंपनी फ्रेश वॉटर को टेस्ट किया है।

### मोदी ने किया था शिलान्यास

कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) को 454 करोड़ रुपये से बनाया गया है। इसका शिलान्यास पीएम नरेंद्र मोदी ने मार्च 2019 में किया था। शहर में जिलाधिकारी विशाख जी के नेतृत्व में प्लांट को तैयार किया गया है। प्लांट के शुरू होने के बाद टेनरी संचालकों में उम्मीद जगी है कि अगले वर्ष से माघ मेले में टेनरियों को बंद करने से राहत मिलेगी।

# विस्तारकों का किया गया सम्मान

**कानपुर।** भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने चार महीने से कानपुर लोकसभा में सेवा दे रहे सभी विस्तारकों का पटका एवं श्री राम की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया। दीपू पांडे ने कहा कि जिस तरह आप सब ने मेहनत एवं लगनशीलता से भाजपा के पक्ष में कार्य किया उससे निश्चित ही पार्टी को फायदा होगा। हम भारी मतों से रिकॉर्ड जीत दर्ज करने जा रहे हैं। विस्तारकों में पीलीभीत से आए कानपुर लोकसभा के विस्तारक सुमित जैसवार, गोंडा से अकबरपुर लोकसभा के विस्तारक की भूमिका में आए हिमांशु चौहान, बिधूना से आए सीसामऊ विधानसभा के विस्तारक भानु प्रताप सिंह मौजूद रहे।


जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने सम्मान किया। अमृत विचार



आवश्यकता है
अमृत विचार, लखनऊ को
इलेक्ट्रीशियन की
PLC वेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो
अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 96516 43339
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)

# मतदान में 45% हिस्सेदारी किदवई नगर, गोविंद नगर की

## यहीं से 2014-2019 के चुनाव में भाजपा को मिली थी लीड, पुरुषों के मुकाबले मतदान में महिलाएं रह गईं चार फीसदी पीछे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर लोकसभा सीट पर कुल पड़े वोटों में लगभग 45 प्रतिशत सिर्फ दो विधानसभा क्षेत्रों किदवई नगर और गोविंद नगर में डाले गए हैं। ये दोनों विधान सभा क्षेत्र भाजपा का गढ़ माने जाते हैं। पिछले लोकसभा चुनावों में इन दोनों क्षेत्रों से भाजपा बड़े अंतर से लीड भी लेती रही है। ऐसे में भाजपा नेताओं का मानना है कि इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं ने एक बार फिर पार्टी की जीत का आधार तय कर दिया है।

कानपुर लोकसभा क्षेत्र में 8,82,074 लोगों ने मतदान किया है। इसमें किदवई नगर और गोविंद नगर के मतदाताओं की हिस्सेदारी 3,91,937 है। इसके मुकाबले बाकी तीन विधानसभा क्षेत्रों सीसामऊ, आर्यनगर और कानपुर कैंट में कुल मिलाकर 4,90,137 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। पूरे लोकसभा क्षेत्र में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 50.90 तो पुरुषों का मतदान प्रतिशत 54.88 प्रतिशत रहा है।

### 2019 के आंकड़े

- 2019 के चुनाव में कानपुर लोकसभा सीट पर कुल मतदान प्रतिशत 51.65 रहा था। भाजपा प्रत्याशी सत्यदेव पचौरी को 4,68,937 मत मिले थे। कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल 3,13,003 वोट पाकर 1,55,934 वोटों से चुनाव हार गए थे। इस बार रिकार्ड 53 .05 प्रतिशत मतदान हुआ है। पिछली बार से 1.40 फीसदी ज्यादा वोट पड़े हैं। भाजपा इन्हें अपने पक्ष में हुआ मतदान बता रही है।


कंट्रोल रूम से रखी जा रही नजर। अमृत विचार


स्ट्रांग रूम पर पहरा। अमृत विचार

# कंट्रोल रूम से स्ट्रांग रूम पर रखी जा रही है हर पल नजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिफ्टवार लग रही ड्यूटी अधिकारी कर रहे निरीक्षण
- गेट पर लगे राउंडिंग कैमरे विधानसभावार कंट्रोल रूम

**अमृत विचार।** नवीन गल्लामंडी स्थित स्ट्रांग रूम पर सख्त पहरा है। स्ट्रांग रूम के गेट पर फोर्स तैनात है और कंट्रोल रूम से अधिकारी निगरानी कर रहे हैं। तीन-तीन विधानसभावार सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल रूम बनाया गया है। वहीं पोलिंग पार्टियों के ईवीएम जमा करने से पहले स्ट्रांग रूम के पिछले दरवाजे पर ईंट की दीवार उठा दी गई है। जिससे पीछे से किसी का प्रवेश न हो सके। बुधवार को बैरियर का दायरा और बढ़ा दिया गया है। फोर्स की शिफ्टवार निगरानी ड्यूटी लगी है। बैरियर के अंदर किसी बाहरी के आने की अनुमति नहीं है।

गल्लामंडी स्थित सभी स्ट्रांग रूम के मुख्य द्वार पर दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पीछे की तरफ एक-एक राउंडिंग सीसीटीवी कैमरा है। इसके साथ ही पीछे का द्वार ईंट की दीवार से बंद करा दिया गया है। स्ट्रांग रूम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का विधानसभावार कंट्रोल रूम बनाया गया है। तीन-तीन विधानसभावार कंट्रोल रूम बने हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों को आदेश दिया है कि अपनी विधानसभा के आरक्षित स्ट्रांग रूम का खुद निरीक्षण करें। स्ट्रांग रूम के आसपास बैरिकेडिंग कराने और प्रर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के आदेश दिए हैं। गल्लामंडी में ईवीएम जमा होने के बाद 24 घंटे नियमित बिजली रहने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं। स्ट्रांग रूमों के बाहर सुरक्षा कर्मियों का पहरा है। बैरिकेडिंग के अंदर प्रवेश की अनुमित नहीं है। समय-समय पर अधिकारी भी निरीक्षण कर रहे हैं। कंट्रोल रूम से भी निगरानी की जा रही है।

# स्केटिंग ट्रायल में अन्वय और असरा अव्वल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट एलॉयसियस हाईस्कूल कैंट में बुधवार को आईसीएससी नार्थ जोन स्कूलों का स्केटिंग ट्रायल हुआ। जिसमें अंडर-14,17, 19 के 46 बालकों व आठ बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता रोलर स्केट व स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी महबूब बेग ने संपन्न कराया।

इनलाइनर एवं क्वाड स्केटिंग ने प्रतियोगिता कराई। जिसमें 500 मीटर इनलाइन में अंडर-14 में अन्वय सिंह (वीरेंद्र स्वरूप अवधपुरी), असरा मौजम (सीलिंग हाउस), अंडर-17 में वंश यादव (कात्यायन) और कसिस यादव (वीरेंद्र स्वरूप अवधपुरी), अंडर-19 में अभिजीत सिंह (भगवंती एजूकेशन सेंटर) ने बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 500 मीटर क्वाड में अंडर-14 में समर्थ सिंह (केडीएमए) और सगुन कश्यप (यूनाइटेड पब्लिक स्कूल), अंडर-17 में शाश्वत शर्मा (भगवंती एजूकेशन सेंटर), राशी सिंह (वीरेंद्र स्वरूप अवधपुरी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1000 मीटर इनलाइन में अंडर-14 में अन्वय सिंह (वीरेंद्र स्वरूप अवधपुरी) नें प्रथम और उज्ज्वल सिंह (सेंट एलॉयसियस) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 3000 मीटर इनलाइन अंडर-17 में इशान हैदर (सेंट एलॉयसियस) ने प्रथम व शिवा कटियार (वीरेंद्र स्वरूप अवधपुरी) ने द्वितीय, उत्कर्ष गुता (सेंट एलॉयसियस) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य फादर वाल्टर डी सिल्वा, पीटीआई रोहित केलब, गोविंद सिंह मौजूद रहे।

### जिला बास्केटबाल चैंपियनशिप 16 मई से

**कानपुर।** जिला बास्केटबाल संघ की ओर से 16 से 18 मई तक डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर श्याम नगर में अंडर-14 बालक व बालिका वर्ग की बास्केटबाल चैंपियनशिप का आयोजन होगा। जिला संघ के सचिव वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि चैंपियनशिप से कानपुर टीम का चयन भी किया जाएगा। जो मेरठ में एक से 7 जून तक होने वाली सब जूनियर राज्य बास्केटबाल चैंपियनशिप टीम में प्रतिभाग करेंगी।

## एक नजर

### सीओडी पुल पर नहीं जल रहीं स्ट्रीट लाइटें

**कानपुर।** सीओडी पुल पर लगी नगर निगम की स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही हैं। वोल्टेज समस्या के चलते लाइटों में करंट नहीं दौड़ रहा है। पर्याप्त मात्रा में वोल्टेज ना मिलने की वजह से मार्ग प्रकाश में समस्या आ रही है। नगर निगम ने इसको लेकर केस्को को पत्र भेजा है। नगर निगम में कहा है कि क्योंकि इस मार्ग से वीआईपी का आना-जाना लगा रहता है इसलिए लाइटों का लगातार जलना जरुरी है।

### रोडवेज बस ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर

**कानपुर।** सीसामऊ थानाक्षेत्र के जरीब चौकी चौराहे पर रोडवेज बस ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी सवार हटा लेकिन बस चालक ने स्कूटी को रौंद दिया। जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने बस चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सीसामऊ एसओ हिमांशू चौधरी मौके पर पहुंचे और चालक को हिरासत में ले लिया। इस दौरान बीस मिनट के लिए जीटी रोड से जरीब चौकी क्रॉस करने वाले मार्ग पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने स्कूटी थाने में खड़ी कराई है।

# बैडमिंटन एशिया सर्टिफाइड अंपायर बने शहर के रवि

गर्व के पल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंडोनेशिया, चीन, नेपाल, बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय अंपायर रह चुके हैं

**अमृत विचार।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के एक्जीक्यूटिव सेक्रेटरी आशुतोष सत्यम झा ने बताया कि यह शहर के लिए खुशी व गौरव की बात है कि कानपुर के पहले अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन अंपायर रवि कुमार दीक्षित को बैडमिंटन एशिया सर्टिफाइड अंपायर का प्रमाणपत्र मिला है। जिसके लिए उन्होंने चीन के निंगबो में 9 से 14 अप्रैल को आयोजित परीक्षा में प्रतिभाग किया था।


रवि दीक्षित।

इससे पहले रवि कुमार दीक्षित विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) की ओर से लेवल एक के सर्टिफाइड कोच हैं। पहले भी इंडोनेशिया, चीन, नेपाल, बांग्ला देश में अंतरराष्ट्रीय अंपायर रह चुके रवि कुमार ने देश के विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी अंपायर के रूप में अपनी भूमिका निभाई है। ग्रीनपार्क, आईआईटी, जयनारायण विद्या मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण का कार्य करते रहे हैं।

जिला बैडमिंटन के पदाधिकारी डॉ. एके अग्रवाल, मनोज पांडे, सुशील गुप्ता, महीप सक्सेना, सौरभ श्रीवास्तव, आशीष गौर, आशुतोष सत्यम झा, केशव द्विवेदी आदि ने उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं हैं। डॉ. एके अग्रवाल ने कहा कि अब शहर में बैडमिंटन अंपायर व खिलाड़ियों का बेहतर सीखने का अवसर मिलेगा।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**कानपुर।** समस्तीपुर बिहार के 28 वर्षीय युवक की गोविंदपुरी स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। युवक के पास मिले कागजातों के आधार पर जीआरपी ने परिजनों को सूचना दी। लोगों का आरोप है कि ट्रेन में अधिक भीड़ होने के कारण यात्री दरवाजे पर खड़े होकर सफर कर रहे थे। तभी धक्का लगने से युवक चलती ट्रेन से गिरा है। रात होने के कारण कौन सी ट्रेन थी, यह भी नहीं पत चल पाया।

बिहार का रहने वाला युवक मंगलवार रात गोविंदपुरी स्टेशन पर सफर के दौरान ट्रेन से गिरा था। प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना जीआरपी को दी। पुलिस ने युवक के पास मिले कागजात के आधार पर बताया कि वह समस्तीपुर का रहने वाला है। उसके परिजनों को सूचना भेज दी गई है। घरवाले शहर आने के लिए रवाना हो चुके हैं। वहीं लोगों ने जीआरपी को बताया कि ट्रेन में खड़े होने की भी जगह नहीं थी। भीड़ होने के कारण कोच के दरवाजे पर खड़े होकर यात्री सफर कर रहे थे।

# केडीए की आठ योजनाओं में 29 करोड़ से विकास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़क, नाली, फुटपाथ के निर्माण के लिये एस्टीमेट तैयार
- केडीए की ओर से स्कीम होंगी हस्तांतरित, नगर निगम करेगा कार्य

**अमृत विचार।** केडीए की कई योजनाओं में सड़क, नाली और फुटपाथ की हालत खराब है। सजारी, चंद्रनगरी पार्ट-3 सनिगवां, हाइवे सिटी विस्तार पार्ट-1 समेत कई योजनाओं में धूल उड़ रही है। जिससे योजनाओं में निवास कर रहे लोग परेशान हैं। केडीए की ओर से सड़क, नाला, नाली, फुटपाथ और पार्क नगर निगम को हस्तांतरित न करने की वजह से समस्या बनी हुई है। नगर निगम ने अब यहां के विकास के लिये 29 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाया है।

केडीए अपनी योजनाओं को शुरुआती समय में पूर्ण विकसित करके देता है। लेकिन, समय के साथ यहां सड़क, नाली, फुटपाथ की हालत खराब हो जाती है। मौजूदा समय में सजारी, चंद्रनगरी पार्ट-3 सनिगवां, हाइवे सिटी विस्तार पार्ट-1, कालिंदी नगर, न्यू टीपी नगर फेस-3, महावीर नगर, न्यू टीपी नगर फेस-1 की सड़क, नाली, नाला, फुटपाथ और पार्क की हालत खराब हो रही है। जिसकी शिकायत स्थानीय लोग लगातार कर रहे हैं। योजनाएं काफी पुरानी हैं इसके चलते यहां सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। नालियों की सफाई न होने की वजह से गंदा पानी सड़कों पर भर रहा है। वहीं, पार्क की हालत तो इतनी दयनीय है कि आस-पास के लोग जाना ही नहीं पसंद करते हैं, साथ ही अराजक तत्व यहां डेरा जमाए रहते हैं। जिसको लेकर मंडलायुक्त के निर्देश पर नगर निगम और केडीए के अधिकारियों ने इन योजनाओं का निरीक्षण किया है। जिसके बाद सड़क, नाली, नाला, फुटपाथ और पार्क मरम्मत और रखरखाव काएस्टीमेट तैयार किया है। 29 करोड़ से इन योजनाओं में विकास कार्य होंगे।


टूटी सड़कों के दिन बहुरेंगे। अमृत विचार

> केडीए की आठों आवासीय, व्यावसायिक योजनाएं नगर निगम और जलकल विभाग को हस्तांतरित करने के लिए दोनों विभागों से सहमति बन गई है। एस्टीमेट भी तैयार हो गया है।
>
> -आशु मित्तल, मुख्य अभियंता, केडीए

> केडीए को पत्र लिखकर बजट मांगा है। जैसे ही पैसा मिलेगा इन योजनाओं में विकास कार्य का खाका तैयार किया जायेगा।
>
> मनीष अवस्थी, मुख्य अभियंता नगर निगम

**एस्टीमेट के आधार पर मांगा बजट**

नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने केडीए के मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर कहा है कि योजनाओं में सड़क निर्माण व अन्य विकास काराने के लिये तय बजट को नगर निगम को जल्द उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही पार्कों का रखरखाव भी किया जाये।


बाएं से कोच नीरज, ईशान, अभिराज व प्रधानाचार्या डॉ. हरप्रीत कौर। अमृत विचार

# एलेन हाउस के छात्र चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। एलेनहाउस पब्लिक स्कूल पनकी के दो छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन दिवसीय क्षेत्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीत हासिल की है।

जिला बैडमिंटन संघ की ओर से डीपीएस कल्याणपुर में आयोजित प्रतियोगिता में एलेनहाउस के कक्षा पांच के अभिराज और कक्षा चार के ईशान ने अंडर-9 श्रेणी में प्रतिभाग किया। अभिराज ने एकल व डबल्स दोनों श्रेणियों में दो स्वर्ण पदक जीता, वहीं ईशान ने डबल्स में रजत पदक हासिल किया है। क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में कानपुर मंडल के 200 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिला बैडमिंटन संघ के संयुक्त सचिव महेश सक्सेना ने विजेताओं को पदक देकर पुरस्कृत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. हरप्रीत कौर ने दोनों बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

# आईपीएम कैरियर व सिग्मा ग्रीपलॉक ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जेएनटी अंडर-12 सिग्मा ग्रीपलॉक ट्रॉफी

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) से आबद्ध जेएनटी स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित जेएनटी अंडर-12 फॉर सिग्मा ग्रीपलॉक ट्राफी के पहले दिन मुकाबलों में सिग्मा ग्रीपलॉक और आईपीएम कैरियर ने जीत दर्ज कराई। कानपुर साउथ-ए मैदान पर मैच का शुभारंभ जेएनटी संस्था के चेयरमैन नवीन जैन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

साउथ-ए मैदान पर खेले गए पहले मैच में आनंदेश्वर इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। 25 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाए। टीम के विराट महेश्वरी ने 51 और कप्तान मिनीश कुमार ने 33 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में फजल अहमद खान ने तीन व आकर्ष चतुर्वेदी ने एक विकेट लिया। जवाब में उतरी आईपीएम कैरियर ने 23.3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

टीम के स्वरित वर्मा ने 54 रनों की शानदार पारी खेली और टीम को छह विकेट से शानदार जीत दिलाई। आनंदेश्वर इलेवन टीम के अयान अख्तर, हमजा खान और अर्श ने एक-एक विकेट लिए। फजल अहमद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

वहीं साउथ-बी मैदान पर दूसरा मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिग्मा ग्रीपलॉक टीम के विशेष अग्निहोत्री ने 62, अर्जुन सिंह ने 30 और युवी ने 17 रनों की बदौलत 25 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 173 रनों का स्कोर खड़ा किया।

गेंदबाजी में ऐलन हाउस टीम के स्पर्श पाल ने दो, नमन त्रिवेदी और कुमार दर्श सचान ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऐलन हाउस टीम ने निर्धारित ओवर में 161 रन ही बना सकी। टीम से शिवांस ने 41, स्टनिंग अयान और मिहिर सिंह ने 35-35 रन बनाए। विजयी टीम के मो. हसन और रेयांश सिंह ने दो-दो विकेट लिए। अद्धर्शतक बनाने वाले विशेष अग्निहोत्री को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर केसीए के अध्यक्ष एसएन सिंह, उपाध्यक्ष संजय तिवारी मौजद रहे।


मैच की शुरूआत में मौजूद अतिथि और कप्तान। अमृत विचार

# काम शुरू, पांच हजार घरों की बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** शहर में जब तक मतदान नहीं हुआ था, तब तक आरडीएसएस योजना के तहत कार्य बंद था और केस्को के अधिकारियों द्वारा शटडाउन भी नहीं लिया जा रहा था। लेकिन मतदान होने के बाद अब फिर से शटडाउन लेकर आरडीएसएस योजना के तहत कार्य शुरू कर दिया गया है। वही, केस्को ने भी अनुरक्षण व रिकंडक्टरिंग कार्य शुरू कर दिया है, जिस वजह से बुधवार को पांच हजार घरों की बिजली गुल रही।

शहर के नौरैयाखेड़ा, आनंदपुरी, बाबा बाजार, भोलेश्वर मंदिर, बर्रा गांव, वरूण विहार, रतन लाल नगर, मानस विहार, जगईपुरवा, टेलीफोन एक्सचेंज, महाबलीपुरम कृष्णा पार्क, विष्णुपुरी, मन्नीपुरवा, जरीब चौकी, हंसपुरम पाल चौराहा समेत 22 क्षेत्रों में बिजली सुबह लेकर शाम तक गुल रही। इन क्षेत्रों में आरडीएसएस योजना के तहत छह से सात घंटे तक एबी केबल डालने आदि कार्य किए गए। सुबह से शाम तक बिजली गुल रहने की वजह से इन क्षेत्रों में रहने वाले हजारों लोगों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, बिजली न आने की वजह से कई जगहों पर पेयजल का भी संकट गहराया। वहीं, नई सड़क में बिजली सुबह आठ से 10:30 बजे तक, नौरैया खेड़ा में सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक, शेखपुर, मोतीपुर, अल्लौपुर, जाना गांव, किशनपुर, मदारपुर, त्रिलोकपुर, खजुरियां व हनिया गांव में बिजली पहले सुबह 10 बजे से 11 बजे तक और उसके बाद फिर शाम साढ़े चार बजे से साढ़े पांच बजे तक नहीं रही। इधर, कर्रही फीडर फीड की बिजली 33केवी का इनडोर केबल बॉक्स क्षतिग्रस्त होने से सुबह चार बजे से साढ़े छह बजे तक, केआईटी कॉलेज फीडर की बिजली 11केवी लाइन पर कौवा चिपकने के कारण सुबह नौ बजे से 10 बजे तक और गूबा गार्डन और सेक्टर फीडर की बिजली एचटी पोल शिफ्टिंग के कारण दोपहर तीन बजे से चार बजे तक नहीं रही। ऐसे में लोगों का कहना है कि चुनाव खत्म होते ही केस्को ने बिजली की कटौती शुरू कर दी है। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि जरूरी कार्यों की वजह से शटडाउन लिया गया। कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

### आज यहां नहीं रहेगी बिजली

खपरा मोहाल, शांति नगर और आसपास क्षेत्र में बिजली सुबह 11 बजे से पांच बजे तक, आनंद नगर, जगईपुरवा व डिफेंस कॉलोनी में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक, सुबेदार नगर, ओल्ड बिठूर, मोहम्मदपुर व पेशवा नगर में दोपहर तीन बजे से पांच बजे तक और शेखपुर, मोतीपुर, अल्लौपुर, जाना गांव, किशनपुर, मदारपुर, हनिया गांव, त्रिलोकपुर व खजुरिया गांव में पहले सुबह 10 बजे से 11 बजे और उसके बाद फिर शाम साढ़े चार बजे से साढ़े पांच बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

# चौकी इंचार्ज पर पिटाई का आरोप

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र निवासी प्रेम भाटिया ने अशोक नगर नगर चौकी इंचार्ज पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक उसका पत्नी से विवाद हुआ था। पुलिस उसे 13 मई की रात साढ़े ले गई। 14 मई की दोपहर मेडिकल कराया और शांतिभंग की कार्रवाई कर दी। आरोप है अशोक नगर चौकी इंचार्ज ने मारपीट की। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया आरोप निराधार हैं। आरोपित ने पत्नी और पड़ोसियों से झगडा किया था। जिस पर पुलिस उसे ले गई थी। उसका मेडिकल कराया गया था जिसमें चोट नहीं आई हैं। मजिस्ट्रेट के सामने भी उसने आरोप नहीं लगाये हैं।

शुभ-लाभ

शनिवार को पौने दो घंटे के लिए विशेष सत्र में डिजास्टर रिकवरी साइट की टेस्टिंग

# 18 को विशेष ट्रेडिंग, हो सकता 80 करोड़ का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शेयर बाजार में इस हफ्ते शनिवार को विशेष ट्रेडिंग सत्र का आयोजन किए जाने से शहर के निवेशक काफी उत्साहित हैं। हालांकि यह विशेष ट्रेडिंग सत्र पौने दो घंटे के लिए ही होगा, लेकिन माना जा रहा है कि इस दौरान कानपुर से 75 से 80 करोड़ रुपये का शेयर कारोबार हो सकता है।


राजीव सिंह।

इससे पहले इसी साल दो माह पहले दो मार्च को बीएसई द्वारा विशेष ट्रेडिंग सेशन सत्र का आयोजन किया गया था। इसमें कानपुर के लोगों ने करीब 55 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीद-फरोख्त की थी।

### मुंबई में लोकसभा चुनाव के मतदान की वजह से 20 मई को बंद रहेगा शेयर बाजार



मुंबई में लोकसभा चुनाव के मतदान की वजह से सोमवार 20 मई को शेयर बाजार बंद रहेगा। शनिवार को विशेष ट्रेडिंग सत्र के दौरान डिजास्टर रिकवरी साइट की टेस्टिंग की जाएगी।

इस ट्रेडिंग सेशन के दौरान प्राइमरी साइट से डिजास्टर साइट पर स्विच ओवर किया जाएगा। कारोबार थोड़े ही समय के लिए दो सत्रों में होगा, लेकिन शहर के निवेशक खरीद-बिक्री करने के लिए काफी उत्साहित हैं।

### ऑन और ऑफलाइन दोनों तरीके से हिस्सा ले सकते हैं निवेशक

- 18 मई को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज( बीएसई) दोनों खुलेंगे। निवेशक विशेष ट्रेडिंग सत्र में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से हिस्सा ले सकेंगे। आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह ने बताया कि पहला सेशन सुबह 9 .15 बजे से 10 बजे तक होगा। दूसरा सेशन पूर्वाह्न 11 .30 बजे से मध्याह्न 12 .30 बजे तक चलेगा। प्री क्लोजिंग सेशन मध्याह्न 12 :40 से 12 :50 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि सेबी के आदेशानुसार, स्टॉक एक्सचेंजों को विषम परिस्थितियों में भी बिना किसी रुकावट के ट्रेडिंग जारी रखनी है, इसी के मद्देनजर इसकी टेस्टिंग की जाती है। विशेष ट्रेडिंग सत्र की मदद से साइबर अटैक, सर्वर क्रैश जैसी विषम परिस्थितियों में प्राइमरी प्लेटफॉर्म से ट्रेडिंग डिजास्टर रिकवरी साइट पर आसानी से स्विच की जा सकती है। इसी कारण पहले सत्र का संचालन प्राइमरी प्लेटफॉर्म से होगा वहीं दूसरे सत्र का संचालन डिजास्टर रिकवरी साइट से होगा।

